महामंत्र जोइ जपत महेसू । कासीं मुकुति हेतु उपदेसू ॥
मंत्र महामनि बिषय ब्याल के । मेटत कठिन कुअंक भाल के ॥
| Ram Katha 939 - मानस मंत्राष्टक || Troms, Norway || *मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 01 | इंदौर, शुक्रवार 12 जुलाई, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## क्या आप जानते हैं?



***iPhone पर पेगासस स्पायवेयर जैसे अटैक का अलर्ट :* ये मोबाइल हैक कर सकता है, एपल ने भारत समेत 98 देशों में वॉर्निंग मेल भेजा...**

◆ लूट, अपहरण और पुलिस पर हमला करने वाली

## अंतरराज्यीय मेवात गैंग के 3 सदस्य गिरफ्तार, 60 लीटर शराब जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंदसौर**। जिला नरसिंहपुर से लूट, अपहरण और पुलिस पर जानलेवा हमला कर फरार होने वाली अंतरराज्यीय गैंग को मंदसौर की वाय डी नगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपीयों के कब्जे से 60 लीटर कच्ची हाथ भट्टी जहरीली शराब की जब्त की है।

मंदसौर के वाय डी नगर थाना टीआई संदीप सिंह मंगोलिया ने बताया कि चौकी मुल्तानपुरा को अवैध शराब से लोड ट्रक गुराडिया फंटे से जाने वाला है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए नाकाबंदी कर टीम ने ट्रक को रोककर तलाशी ली। ट्रक के केबिन के अन्दर 60 लीटर अवैध हाथ भट्टी की जहरीली शराब पाई गई। जिसे जब्त कर आरोपी शमीम पिता मकशुद मेव उम्र 31 वर्ष निवासी अटेरना शमसाबाद थाना नगीना जिला नुंह हरियाणा तथा मुकिम पिता शाहबुद्दीन मेव उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम ग्वालदा थाना टपोकडा जिला अलवर को गिरफ्तार किया गया।

## नेपाल में बड़ा हादसा

# त्रिशूली नदी में बह गईं 2 बसें 7 भारतीय नागरिक की मौत

**काठमांडू। नेपाल के पोखड़ा में शुक्रवार को हुए भूस्खलन में दो यात्री बसें बह गईं। नारायणघाट-मुगलिंग सड़क खंड के सिमलताल में यह घटना हुई है। चितवन के मुख्य जिला अधिकारी इंद्रदेव यादव ने कहा है कि काठमांडू जाने वाली एंजेल बस और राजधानी से गौर जा रही गणपति डीलक्स में सुबह करीब साढ़े तीन बजे त्रिशूली नदी में बह गईं। पुलिस ने बताया कि काठमांडू जा रही बस में 24 लोग सवार थे और दूसरी में 41 लोग सवार थे। गणपति डीलक्स में सवार तीन यात्री बास से कूदकर भागने में सफल रहे। इस हादसे में 7 भारतीय नागरिक की मौत की पुष्टि हो चुकी है।**

इंद्रदेव यादव ने एएनआई से कहा, 'प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दोनों बसों में बस चालकों सहित कुल 63 लोग सवार थे। भूस्खलन में बसें लगभग 3:30 बजे बह गईं। हम घटना स्थल पर हैं और तलाशी अभियान चल रहा है। लगातार बारिश के कारण लापता बसों की तलाश में हमारे प्रयासों में बाधा आ रही है।'

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' ने सभी सरकारी एजेंसियों को यात्रियों की खोज और बचाव का निर्देश दिया। दहल ने एक्स पर लिखा, 'नारायणगढ़-मुग्लिन सड़क खंड पर भूस्खलन में



बसों के बह जाने और देश के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ और भूस्खलन के कारण संपत्तियों के नुकसान के बाद लगभग पांच दर्जन यात्रियों के लापता होने की खबरों से मैं बहुत दुखी हूं। मैं गृह प्रशासन सहित सरकार की सभी एजेंसियों को यात्रियों की तलाश करने और उन्हें प्रभावी ढंग से बचाने का निर्देश देता हूं।'

इस बीच काठमांडू से भरतपुर के लिए सभी उड़ानें दिन के लिए रद्द कर दी गई हैं क्योंकि मौसम खराब बना हुआ है।

नेपाल के गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने पिछले सप्ताह बताया कि मॉनसून के मौसम की शुरुआत के बाद से नेपाल में बारिश के कारण होने वाली घटनाओं में कम से कम 62 लोग मारे गए हैं तथा 90 अन्य घायल हुए हैं।

## सीएम डॉ. यादव बोले

# हाई स्कूल और हायर सेकंडरी कक्षाओं में कृषि विषयों का अध्ययन शुरू हो

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हाई स्कूल और हायर सेकंडरी कक्षाओं में कृषि, बागवानी, मत्स्य पालन, पशुपालन आदि विषयों की पढ़ाई आरंभ की जाए। प्रदेश की शालाओं में अध्यनरत विद्यार्थी अधिकांशतः खेती-बाड़ी की पृष्ठभूमि वाले परिवारों से आते हैं। अतः इन विषयों पर पढ़ाई आरंभ करने से विद्यार्थियों का शालाओं से अधिक जुड़ाव होगा और अध्ययन-अध्यापन परिवार के लिए अधिक उपयोगी बन सकेगा। सी.एम. राइज स्कूलों में इन विषयों की पढ़ाई प्राथमिकता से आरंभ की जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इन कक्षाओं में संकाय व्यवस्था के स्थान पर विद्यार्थियों को अपनी रुचि व प्राथमिकता के आधार पर विषय चुनने की व्यवस्था भी की जाए। यह व्यवस्था उच्च शिक्षा में लागू हो चुकी है, स्कूल स्तर पर यह व्यवस्था क्रियान्वित करने के लिए शिक्षाविदों, शिक्षकों, स्वयंसेवी संस्था तथा विषय-विशेषज्ञों की टास्क फोर्स गठित की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रालय में सी.एम. राइज स्कूलों के संचालन की बैठक में उक्त निर्देश दिए। जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह, स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, मुख्य सचिव वीरा राणा सहित



अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों तथा ग्रामीण अंचल में प्राथमिकता के आधार पर सी.एम. राइज स्कूल आरंभ किए जाएं तथा इन शालाओं में शिक्षकों व स्टाफ के लिए आवास की व्यवस्था आवश्यक रूप से सुनिश्चित की जाए। इस संबंध में भारत सरकार से भी सहायता प्राप्त करने की दिशा में प्रयास करना आवश्यक है। मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि शिक्षा को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से प्रत्येक विकासखंड में एक आई.टी.आई. स्थापित करने की दिशा में प्रयास हों, जिन विकासखंडों में आई.टी. आई. नहीं है, वहां निजी क्षेत्र की पहल से सुविधा उपलब्ध कराने की रणनीति बनाई जाए। आगामी इंडस्ट्रियल समिट में भी इस दिशा में इच्छुक निवेशकों से चर्चा की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सी.एम. राइज स्कूलों की परिवहन व्यवस्था में ई-व्हीकल्स का अधिक से अधिक उपयोग किया जाए। नगरीय निकायों में बने सी.एम. राइज स्कूलों के विद्यार्थियों के आवागमन के लिए नगरीय निकाय की नगर वाहन सेवा के अंतर्गत चल रहे वाहनों का भी उपयोग किया जाए। विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति और सुविधाजनक विद्यालय आवागमन के लिए वाहनों के रखरखाव को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नवीन विद्यालयों के भवन निर्माण के लिए भूमि के चिन्हांकन का कार्य परस्पर विभागीय समन्वय से समय-सीमा में पूर्ण किया जाए।

पौधारोपणउत्सव

# 9 सेक्टरों में लगेंगे 11 लाख पौधे...डीजे भी लगाया जाएगा, वहां देशभक्ति के गीत बजेंगे

### रिकार्ड देखने के लिए इंदौर आई गिनीज बुक की टीम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर में 14 जुलाई को 11 लाख पौधे लगाने के रिकार्ड की तैयारी पूरी हो गई है। बिसाजन टेकरी पर 9 सेक्टरों में इन पौधों को शहर के सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक संगठन लगाएंगे।

इस विश्व रिकार्ड को दर्ज करने के लिए गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड की टीम इंदौर आ चुकी है। सात सदस्यीय टीम ने टेकरी पर हो रहे कार्यों को भी देखा। सुबह छह से शाम को छह बजे तक पौधे लगाए जाएंगे।नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि विश्व के देश जलवायु परिवर्तन को लेकर चिंतित है। इसे रोकने के लिए पौधारोपण



एक महत्वपूर्ण अंग है। इंदौरवासी 51 लाख पौधे लगाने के अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे है। कई कंपनियों ने हमसे इसके लिए संपर्क किया है। जनभागीदारी के साथ इंदौर 11 लाख पौधे लगाकर विश्व रिकार्ड बनेगा। इस आयोजन में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शामिल होंगे।विजयवर्गीय ने कहा कि इसे एक उत्सव की तरह मनाया जाएगा, इसलिए डीजे भी लगाया जाएगा। वहां देशभक्ति के गीत बजेंगे। टेकरी तक पौधे लगाने के लिए अस्थाई सड़क भी बनाई गई है। मेयर पुष्य मित्र भार्गव ने कहा कि बुधवार को 85 समाजों के प्रतिनिधियों को टेकरी पर बुलाया गया था। उन्हें वह स्थान बता दिए गए, जहां वे समाज के लोगों के साथ पौधे लगाएंगे। 14 जुलाई को 11 लाख पौधे टेकरी पर लगेंगे, जबकि चार लाख पौधे नगर निगम शहर के उद्यानों में लगाएगा, जबकि दो लाख पौधे इंदौर विकास प्राधिकरण भी लगाएगा।

## जनसंख्या नियंत्रण कानून सभी समाजों पर समान रूप से लागू हो



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। देश में असंतुलित और लगातार बढ़ रही जनसंख्या को लेकर गुरुवार को जनसंख्या समाधान फाउण्डेशन द्वारा देशभर में प्रदर्शन किया गया। इसी कड़ी में इंदौर कलेक्टोरेट पर भी फाउण्डेशन के लोगों ने प्रदर्शन किया है। लोगों की मांग है कि देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू हो।**

11 जुलाई को 'विश्व जनसंख्या दिवस' पर सर्व ब्राह्मण परशुराम सेना के पूर्वी क्षेत्र के अध्यक्ष राजेश तिवारी, राजपूत समाज के सुरेंद्रसिंह राठौर सहित कई समाज के लोग इसे लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे। अध्यक्ष राजेश तिवारी ने बताया कि फाउण्डेशन में सभी धर्मो व समाज के लोग हैं। उन्होंने कहा कि आज देश की जनसंख्या 140 करोड़ से ज्यादा हो गई है। दूसरी ओर संसाधन कम हो गए हैं। हम चाहते हैं कि देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू हो। यह कानून वर्गों, समाजों में समान रूप से लागू हो। इससे जनसंख्या नियंत्रण का समाधान हो सकेगा। फाउण्डेशन ने प्रियंका चौरसिया (डिप्टी कलेक्टर) को ज्ञापन सौंपा और मांग की कि हमारी बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक पहुंचाई जाए।

# गंदगी को लेकर पार्षद पति से भिड़े रहवासी

फेसबुक पर वीडियो अपलोड किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। क्षेत्र में गंदगी की समस्या हल नहीं होने पर रहवासी ने फेसबुक पर वीडियो पोस्ट किया तो पार्षद पति को गुस्सा आ गया। आरोप है कि उन्होंने अपलोड करने वाले व्यक्ति के घर जाकर उसके साथ मारपीट की। रहवासियों औा पार्षद पति के बीच जमकर विवाद, गाली गलौज और मारपीट हुई। घटना का वीडियो भी सामने आया है। पार्षद पति ने आरोपों को नकारा है।**



मामला वार्ड 18 का है। यहां के रहवासियों का कहना है कि कई क्षेत्रों में गंदगी है, लेकिन क्षेत्रीय पार्षद सोनाली विजय परमार द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शिवकंठ कॉलोनी में कई जगह ड्रेनेज के ढक्कन खुले हैं। बारिश का पानी भरने से गंदगी है। इस समस्या का हल नहीं निकला तो यहां रहने वाले गोपीचंद कुमावत (55) ने फेसबुक पर गंदगी का एक वीडियो पोस्ट किया। गुरुवार दोपहर को जब पार्षद पति विजय परमार ने देखा तो कुमावत के घर जा पहुंचे और विवाद किया। लोगों के मुताबिक इस दौरान गाली-गलौज और मारपीट भी हुई। परिवार के मनीष कुशवाह व अन्य ने रोका तो बात और बढ़ गई। पार्षद पति 5-7 मिनट तक हंगामा करते हुए गालियां बकते रहे। कुछ देर बाद रहवासी मनीष कुशवाह वहां गंदे पानी में बैठ गए। उन्होंने कहा कि इस वार्ड को स्वच्छ वार्ड का अवॉर्ड मिल चुका है, लेकिन मैदानी हकीकत कुछ और है। यही सच्चाई बताने के लिए जब फेसबुक पर वीडियो पोस्ट किया तो पार्षद पति ने विवाद किया और मारपीट की। रहवासियों ने विवाद के वीडियो वायरल करने के साथ ही विधायक रमेश मेंदोला को बुलाने की मांग की। मामले में पार्षद पति विजय परमार का कहना है कि मैंने घर जाकर कोई मारपीट नहीं की है। क्षेत्र में ढाई करोड़ की लागत से ड्रेनेज लाइन डाली जा रही है। वर्तमान में ठेकेदार का पेमेंट नहीं होने से काम अधूरा है। परसों कुमावत परिवार ने विधायक रमेश मेंदोला को समस्या बताई थी। इस पर मैंने जेसीबी भिजवाई थी, लेकिन कुमावत परिवार ने काम रोककर उस पर कब्जा कर नौटंकी की। आज जोन अधिकारी और इंजीनियर आशीष पुरंदरे को बताया कि काम पूरा नहीं होने के कारण रहवासी फेसबुक पर वीडियो पोस्ट कर मुझे जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। इस पर इंजीनियर ने कुमावत से बात की तो उसने उनके और मेरे साथ बदसलूकी की। मैंने मारपीट नहीं की।

## महिला को परिचित ने मारा थप्पड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बाणंगगा में सड़क पर बात नहीं करने को लेकर शादीशुदा महिला को उसके परिचित ने थप्पड़ मार दिया। पुलिस ने छेड़छाड़ ओर मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक 28 साल की महिला की शिकायत पर देवेन्द्र मोहने के खिलाफ केस दर्ज किया गया। महिला ने बताया कि वह 2 साल पहले देवेन्द्र से बात होती थी। लेकिन बाद में बंद कर दी। बुधवार दोपहर बेटी को स्कूल छोड़ने जा रही थी। देवेन्द्र उस समय पीछा करते हुए आया और हाथ पकड़कर थप्पड़ जड़ दिया। उसने धमकाकर कहा कि मेरे साथ चलो। इसके बाद बेटी को मारने की धमकी देने लगा। बाद में पीड़िता अपनी बेटी को स्कूल छोड़ने के बजाय सीधे घर लेकर आ गई। पति को कॉल कर जानकारी दी और केस दर्ज कराया।

नियम तोड़ने वाली बसों के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई

## सात स्कूल बसों की फ़िटनेस की गई निरस्त, तीन बसें जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देश पर परिवहन विभाग द्वारा स्कूल/कॉलेज के वाहनों की सतत चेकिंग की जा रही है। नियमों का पालन नहीं करने वाले बसों पर कार्रवाई की जा रही है। आज आरटीओ श्री प्रदीप शर्मा और एआरटीओ सुश्री अर्चना मिश्रा द्वारा टीम के साथ स्कूल बसों की आकस्मिक चेकिंग की गई। इस दौरान वाहन चालक और स्कूल



प्रबंधन को सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के पालन के सख़्त निर्देश दिए। 7 बसों में कमियाँ पाये जाने पर उनके फिटनेस निरस्त किए गए। तीन बसों को परमिट नहीं होने तथा परमिट शर्तो का उल्लंघन करते पाये जाने पर जप्त किया गया। इसके साथ ही ओवरलोड संचालित हो रही दस बसों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए उनसे 30 हजार रुपए जुर्माना वसूल किया गया। दो दिन पूर्व ही आरटीओ कार्यालय में सभी स्कूल/ कॉलेज के परिवहन प्रबंधकों की बैठक लेकर उन्हें नियमों का सख़्ती से पालन के निर्देश दिये गये थे। बताया गया कि चेकिंग की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत इंदौर के कनाड़िया क्षेत्र में वृक्षारोपण किया

## प्रधानमंत्री का आह्वान देश ही नहीं दुनिया को एक नई दिशा देने वाला प्रयास : केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया

**इंदौर**। केन्द्रीय संचार मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज एक वृक्ष माँ के नाम अभियान के अंतर्गत इंदौर के कनाड़िया क्षेत्र में आयोजित वृहद स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए वृक्षारोपण किया। उन्होंने अपनी माताजी स्व. श्रीमती माधवी राजे सिंधिया की याद में त्रिवेणी वृक्षों (बड, नीम एवं पीपल) का रोपण किया। कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सांसद श्री शंकर लालवानी, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना मालवीय, विधायक श्री रमेश मेंदोला, श्री मधु वर्मा, श्री गोलू शुक्ला, श्री चिन्टू वर्मा, श्री गौरव रणदिवे सहित गणमान्यजन उपस्थित थे।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा प्रधानमंत्री जी ने समस्त देशवासियों से अभियान के तहत एक पेड़ मां के नाम लगाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा बीती दो सदी में मनुष्य ने अपनी आवश्यकताओं के लिए प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन किया। इससे प्रकृति को नुकसान हुआ। वर्तमान में ग्लोबल वार्मिंग से पूरी दुनिया चिंतित है। प्रधानमंत्री जी का आह्वान देश ही नहीं दुनिया को एक नई दिशा दिखाने वाला है। उन्होंने कहा सदियों से भारत भूमि नदियों, पर्वतों और वनों की रक्षा और संरक्षण करने वाली रही है। वर्तमान समय की मांग है कि प्रत्येक मनुष्य प्रकृति संरक्षण के अपने दायित्व हेतु आगे आए। उन्होंने कहा एक पेड़ को काटना यानी जीवन के एक क्षण को काटने के समान है। उन्होंने आह्वान किया कि वृक्षों का रोपण और संरक्षण करें। 50-50 व्यक्तियों के समूह बनाकर पौधों के संरक्षण के दायित्व सौंपे जाए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा प्रकृति ने हमें इको सिस्टम दिया है, जिसके संरक्षण का दायित्व प्रत्येक मानव का है। वृक्षारोपण से इंदौर का ग्रीन कवर बढाने के विशेष प्रयास किये जाएंगे। वृक्षारोपण से हरियाली के साथ-साथ भूमिगत जल में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा धरती मां से हम जीवन जीने के लिए सब कुछ पाते है, उसे लौटाने का हमारा दायित्व है। इसके लिए हम सभी मिलकर अधिक से अधिक पेड़ लगाए और उनका संरक्षण करें।

कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 51 लाख वृक्षों के रोपण के लिए पूरा इन्दौर कृत संकल्पित होकर कार्य कर रहा है। सामूहिक प्रयास से इन्दौर को क्लीन सिटी बनाया है। इसे ग्रीन सिटी भी बनाएंगे। वृक्षों के रोपण के साथ उनके संरक्षण के लिए विशेष प्रयास किये जाएंगे।

अंत में आभार व्यक्त करते हुए महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने कनाड़िया क्षेत्र में आज किये गए वृक्षारोपण को स्व. माधवी राजे सिंधिया की याद में उनके नाम से उपवन का नाम रखे जाने की घोषणा की। कार्यक्रम में बडी संख्या में गणमान्यजन, जनप्रतिनिधिगण, आमजन, पर्यावरण प्रेमी, युवा, क्षेत्रवासी आदि उपस्थित थे।

# छात्रा से छेड़छाड़ के बाद मारपीट



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। एरोड्रम में सातवीं कक्षा की छात्रा के साथ छेड़छाड़ के बाद मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस की जानकारी के मुताबिक 14 साल की छात्रा ने बताया कि तीन-चार दिन से उसकी बिल्डिंग में रहने वाला एक नाबालिग उसे घूर रहा था। बुधवार रात करीब 10 बजे वह अपनी मम्मी के साथ टहल रही थी। वह पीछे की तरफ से आ रही थी। तभी वह अचानक से सामने से आया। उसने घूरकर देखा और मेरा हाथ पकड़ लिया। छात्रा ने बताया कि वह चिल्लाई तो लड़का वहां से भाग गया। मां ने गार्ड से लड़के के बारे में पूछा और उसके परिवार को बुलाया। उन्होंने मां और पापा के साथ मारपीट की। वहीं छात्रा से भी झूमाझटकी की। बाद में वहीं के लोगों ने बचाया। पुलिस को जानकारी देकर थाने में एफआईआर दर्ज कराई।

# ट्रेजर फैंटेसी के घर में लाखों की चोरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**इंदौर**। राऊ के नजदीक ट्रेजर फैंटेसी के घर में लाखों की चोरी हो गई। यहां रहने वाले दंपती रिश्तेदार के यहां रायपुर गए थे। इस बीच चोरों ने सूना घर देखकर हाथ साफ कर दिया। शिकायत मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी भी खंगाल रही है। चोरी का पता सबसे पहले पड़ोसी को लगा। उन्होंने फोन पर पूरा घटनाक्रम बताया। राऊ पुलिस ने अर्पित शुक्ला की शिकायत पर फूफा अनिल कुमार दुबे के यहां हुई चोरी का केस दर्ज किया है। अर्पित ने बताया कि घर का पूरा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी टूटी थी। चोर यहां से चार टॉप्स, सोने की अंगूठी, कान के डायमंड के बाले, चांदी की थालियां, चांदी की 4 जोड़ पायल, चांदी की 10 जोड़ बिछिया, चांदी के दीपक और 1 लाख 60 हजार रुपए नकदी गायब थे। अर्पित ने पुलिस को बताया कि उसके फूफा अनिल दुबे 8 जून को घर पर ताला लगाकर रायपुर गए थे। उन्होंने चाबी पड़ोसी को दी थी। इसके अलावा उनके यहां माली भी नियमित रूप से आता था। पुलिस सीसीटीवी के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है।

# छात्रा के भाई की शादी में पत्नी को पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राऊ पुलिस ने एक छात्रा की शिकायत पर उसके परिचित युवक के खिलाफ छेड़छाड़ करने रास्ता रोकने और 50 हजार की डिमांड करने के मामले में केस दर्ज किया है। आरोपी करीब 6 माह से छात्रा पर पत्नी के छोड़ जाने की बात का आरोप लगाते हुए छेड़छाड़ कर रहा था।**



राऊ पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक रंगवासा में रहने वाली 25 साल की छात्रा ने बताया कि दिसंबर 2023 को उसके भाई की शादी थी। इसमें राजेश पुत्र काशीराम जमरे निवासी कमल नगर को परिवार के साथ बुलाया था। राजेश पत्नी रेखा को लेकर शादी में आया। शादी में शराब के नशे में उससे विवाद किया। मारपीट से नाराज होकर पत्नी रेखा उसे छोड़कर मायके चली गई। तब से राजेश पीड़ित छात्रा को परेशान करने लगा। छात्रा के मुताबिक वह आए दिन पीछा करने के साथ अश्लील कमेंट करता रहता है। यह बात माता-पिता को बताई उन्होंने राजेश को समझाया। लेकिन आरोपी नहीं माना और समाजिक लोगों के सामने भी अपशब्द कहे। 5 दिन पहले करीब 6 जुलाई को एसबीआई बैंक के यहां से छात्रा पैदल जा रही थी। तब राजेश ने उसका पीछा किया ओर अश्लील कमेंट किये। कहने लगा कि बात नहीं करेगी तो बदनाम कर दूंगा। जान से मार दूंगा। तुम कहीं की नही रहोगी। ऐसी हालत कर दूंगा कि तुम और तुम्हारा परिवार मेरे नाम से सुसाइड कर लोगे। डर के चलते तेजी से आगे बढ़ी तो राजेश ने कहा कि तुम चाहती हो कि तुम्हारा पीछा छोड़ दूं तो 50 हजार रुपए दे दो। अगर नहीं दिए तो कल फिर आउंगा। पीड़िता ने बताया कि वह जल्दी में घर पहुंची और परिवार को जानकारी दी। और परिवार के साथ जाकर पुलिस से शिकायत की।

## शादीशुदा महिला से रेप, शादी का झांसा देकर बनाए संबंध

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। एरोड्रम इलाके में रहने वाली एक महिला ने उसके पूर्व पड़ोसी के खिलाफ रेप का मामला दर्ज कराया है। आरोपी पिछले एक साल से पति को छोड़ने की बात पर महिला का शोषण कर रहा था। महिला ने उससे शादी की बात की तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी।

एरोड्रम पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 21 साल की पीड़िता ने बताया कि मई 2023 में वह हम्माल कॉलोनी में किराए से रहने गई थी। यहां उसकी पहचान शुभम यादव से हुई। शुभम ने पहचान बढ़ाने के बाद एक दिन घर बुलाया और कहा कि वह उससे शादी कर लेगा। अपने पति को छोड़ दे। महिला उसकी बातों में आ गई। इसके बाद शुभम ने शादी की बात करते हुए उससे संबंध बनाए। महिला ने जब शादी का कहा तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। महिला ने कॉलोनी छोड़ दी और अन्य जगह रहने चली गई। इसके बाद भी शुभम महिला से संबंध बनाता रहा। लेकिन शादी नहीं की। शादी का दबाव बनाने पर उसने महिला से विवाद कर उसे इनकार करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस पर पीड़िता ने थाने में शिकायत की, जिसके बाद पुलिस ने केस दर्ज किया है।

## इंदौर पुलिस अब तक नहीं ले सकी बम का बयान

# लॉ कॉलेज फैकल्टी विवाद में कोर्ट से फिर मांगा दो महीने का समय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर में कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामने वाले अक्षय कांति बम के कॉलेज को लेकर लगी याचिका में पुलिस ने एक बार फिर कोर्ट से दो माह का समय मांगा है।

अक्षय के कॉलेज को लेकर पुरानी फैकल्टी ने 1 मई को परिवाद दायर किया था। जिसकी सुनवाई 10 मई को हुई थी। इसमें पुलिस को जवाब देने के लिए 10 जुलाई तक का समय दिया गया था। 10 जुलाई को राउ पुलिस ने बम का बयान लेने और अन्य इन्वेस्टिगेशन के लिए सरकारी वकील के माध्यम से फिर 2 माह का समय मांगा है।

वकील कृष्ण कुमार कुन्हारे ने बताया कि पुलिस ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि अभी कॉलेज के मामले में अक्षय कांति बम के बयान नहीं हुए हैं। उन्हें सूचना भेजी गई। लेकिन बयान देने नहीं आए। इसके साथ ही उन्होंने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रैंकिंग फ्रेम वर्क (एनआईआरएफ) की रिपोर्ट का हवाला भी दिया। जिसमें कॉलेज की तरफ से जानकारी भेजी जाती है। वही उन्होंने बताया कि जिस भी वेबसाइट के माध्यम से फैकल्टी और अन्य जानकारी दी गई है। उसका भी डेटा अभी इकट्ठा करना है। जिसमें समय लग रहा है।

### यह है पूरा मामला

अक्षय के कॉलेज इंदौर इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ की पुरानी फैकल्टी डॉ कविता दवे, विशाल पुराणिक, रूपाली व अन्य असिस्टेंट और एसोशिएट प्रोफेसर के पद पर कॉलेज में नौकरी करते थे। सभी ने काफी समय पहले कॉलेज छोड़ दिया था। इसके अलावा रश्मि शुक्ला नाम की फैकल्टी ने नवंबर 2022 में सुसाइड कर लिया था। इसके बावजूद कॉलेज मैनेजमेंट ने वेबसाइट पर नेशनल इंस्टीटयूशन रैंकिग फ्रेमवर्क के डेटा में असिस्टेंट प्रोफेसर रश्मि शुक्ला, विशाल पुराणिक, आशीष कुमार सोनी, डॉक्टर माधुरी मोदी, डॉक्टर योगिता मेनन, डॉक्टर योगिता चौहान, अमरेश पटेल, नवीन दवे, सौरभ कुमार, डॉक्टर दिनेश अशोक, डॉ कविता दुबे, करणजीत कौर और रूपाली को कालेज में नियमित नौकरी पर दिखाया। यह डेटा मार्च अप्रैल 2024 में ही अपलोड किया गया। फैकल्टी के दस्तावेज के जरिए नेट रैंकिग A+ एवं ऑटोनॉमस स्टेटस भी प्राप्त किया था। इस मामले में परिवाद बनाकर कोर्ट में माननीय न्यायाधीश के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। जिसमें अब दो माह का और समय लिया गया है।

मप्र को केंद्र से मिलेगी 40 चलित लैब

# अब जिलों में घूम-घूम कर इकट्ठा करेंगे खाद्य सैंपल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। खानपान की चीजों की शुद्धता जांचने के लिए प्रदेश के सभी जिलों में चलित लैब की व्यवस्था होगी। अभी 15 जिलों में यह लैब संचालित हो रही हैं। अन्य 40 जिलों के लिए भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) से लैब मिलने वाली हैं।**

यह लैब पूरे जिले में घूमकर सैंपल लेंगी। रहवासी क्षेत्रों में भी पहुंचेंगी, जहां लोग निगरानी के लिए खानपान की चीजों की जांच करा सकेंगे। इस लैब से मात्र निगरानी (सर्विलांस) सैंपलों की जांच की जा सकेगी, यानी जांच रिपोर्ट अमानक आने पर भी



कोई वैधानिक कार्रवाई नहीं की जा सकेगी। जांच रिपोर्ट तत्काल मिल जाएगी। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि इसी वर्ष प्रदेश के लिए 40 चलित लैब के लिए एफएसएसएआई को प्रस्ताव भेजा गया था। जिस पर प्राधिकरण ने सहमति दे दी है। ऐसे में आशा है कि इस वर्ष अंत तक प्रदेश को लैब मिल जाएंगी। इसके साथ ही प्रदेश के सभी 55 जिलों में चलित लैब संचालित होने लगेंगी। जिले में लैब के भ्रमण का पूरे एक माह का कार्यक्रम तय किया जाएगा कि कब कहां जाएगी। बता दें कि पहले चरण में संभागीय मुख्यालय वाले नौ जिलों के लिए लैब मिली थीं। इसके बाद छह और आई थीं।

### यह होगा लाभ

1. लैब में केमिस्ट की तैनात किया जाएगा। वह साप्ताहिक बाजार, मेला आदि पहुंचकर मिलावटी चीजों की पहचान के बारे में बताएंगे।
2. दूध में पानी या डिटर्जेंट की मिलावट का पता किया जा सकेगा।
3. बार-बार उपयोग होने वाला तेल की गुणवत्ता पता की जा सकेगी।
4. राज्य खाद्य प्रयोगशाला में सैंपलों का दबाव कम होगा।
5. ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य पदार्थों की आसानी से जांच हो जाएगी।

# सरकारी भूमि के कब्जे को लेकर झगड़ा

चाचा-भतीजे समेत 3 लोगों की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुरैना। मुरैना के अंबाह थाना क्षेत्र के गीला पुरा गांव में गुरुवार दोपहर 12:30 बजे जमीनी विवाद को लेकर फायरिंग हो गई। घटना में तीन लोगों की मौत हुई है। एक पक्ष से चाचा-भतीजे और दूसरे पक्ष के एक शख्स की मौत गोली लगने से हुई है।**

घटना में एक पक्ष के अमरीश शर्मा (28) और अभिषेक शर्मा (20) की मौत मौके पर हो गई थी। दोनों मृतकों के शवों को ट्रैक्टर से अंबाह पीएम हाउस लाया गया है। वहीं दूसरे पक्ष के श्यामबाबू शर्मा पिता लक्ष्मीनारायण शर्मा (51) के पैर में भी गोली लगी थी, जिसे इलाज के लिए सिविल अस्पताल



अंबाह लाया गया था। जिसकी भी इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक श्यामबाबू शर्मा का शव फिलहाल सिविल अस्पताल के ड्रेसिंग कक्ष में रखा है। एसडीओपी रवि भदौरिया ने बताया कि गीला पुरा गांव में दो पक्षों में करीब एक बीघा सरकारी जमीन के कब्जे को लेकर विवाद हो गया। घटना में हुई फायरिंग में एक पक्ष के अमरीश शर्मा और अभिषेक शर्मा की मौत हुई है। वहीं दूसरे पक्ष के एक व्यक्ति श्याम बाबू शर्मा की भी इलाज के दौरान मौत हुई है।

## बेंगलुरु जा रही बस सागर में हादसे का शिकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर।** झांसी-लखनादौन फोरलेन पर बांदरी के पास गुरुवार दोपहर यात्रियों से भरी बस हादसे का शिकार हो गई। बस नेपाल से बेंगलुरु जा रही थी। बस में सवार नेपाल के 10 से अधिक यात्री घायल हुए हैं। जिन्हें सागर के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। सभी घायलों की हालत स्थिर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार राजधानी एक्सप्रेस कंपनी की बस नेपाल से यात्रियों को लेकर बेंगलुरु जा रही थी। नेशनल हाइवे-44 पर बस के आगे चल रहे कंटेनर के ड्राइवर ने अचानक ब्रेक लगा दिया, जिससे पीछे से आ रही बस कंटेनर से टकरा गई। टक्कर से बस का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

# ऑटो पर चढ़ा ट्रक, दंपती बेटे-भतीजी की मौत



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** ग्वालियर में तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो को रौंद दिया। हादसे में ऑटो की पिछली सीट पर बैठे पति-पत्नी, बेटे और 7 साल की भतीजी की मौत हो गई। ऑटो चला रहा भाई रोड पर दूर फिंका गया। पुलिस को ऑटो से चारों शव निकालने के लिए आधा घंटे से ज्यादा समय लग गया। हादसा गुरुवार सुबह 3 से 4 बजे के एबी रोड पर पुरानी छावनी में हुआ। घटनास्थल पर ट्रक खड़ा मिला, लेकिन इसका ड्राइवर फरार है। बानमोर (मुरैना) का रहने वाला परिवार बड़ी बेटी के ससुराल मालनपुर (भिंड) में भात देकर लौट रहा था। आज ही बेटी के देवर की बारात और टीका है। मृतकों के नाम नरेश बाल्मीकि (52), पत्नी ऊषा (48), बेटा राहुल (22), भतीजी अंकिता (7) पुत्री मनोज हैं। घायल ऑटो ड्राइवर अजय को जेएएच के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। अजय, नरेश के रिश्ते का भाई है।'

# पत्नी के अफेयर से परेशान होकर परिवार को मार डाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सतना।** सतना के नजीराबाद में मंगलवार की रात एक शख्स ने अपनी पत्नी और दो बेटों की हत्या कर खुद ट्रेन से कटकर अपनी जान दे दी थी। पुलिस के अनुसार पत्नी के अफेयर से परेशान होकर उसने इस वारदात को अंजाम दिया।

पत्नी का शादी से पहले एक युवक से प्रेम प्रसंग था। जो उसने शादी के बाद भी जारी रखा। पति ने इस बात की कोशिश की थी कि पत्नी शादी के पहले के अफेयर को भूलकर उसके साथ रहे, लेकिन वह बार-बार अपने प्रेमी के पास चली जाती थी। इतना ही ने स्कूल में एडमिशन के समय उसने बच्चों के पिता के रूप में पति की जगह प्रेमी का नाम लिखवाया था। पुलिस जांच में ऐसे दस्तावेज सामने आए जो बता रहे हैं कि राकेश और उसकी पत्नी के बीच रिश्ते ठीक नहीं थे। पुलिस के मुताबिक हत्या के बाद आरोपी राकेश चौधरी रात 12 बजे कमरे से बाहर जाते कैमरे में कैद हुआ। वह बाहर हाथ पोंछते हुए नजर आ है। इससे पहले राकेश चौधरी ने धारदार हथियार से पत्नी संगीता (24), बेटे निखिल (8) और ऋषभ (6) की हत्या की। बाद में राकेश की लाश रेलवे ट्रैक पर मिली थी। एसपी आशुतोष गुप्ता ने बताया कि यह कहानी कुछ महीनों नहीं, बल्कि 10 साल पहले शुरू हुई थी। दरअसल, संगीता का शादी के पहले से कमलेश चौधरी नाम के शख्स से प्रेम प्रसंग था। कमलेश अभी कटनी में रहता है। संगीता उसी से शादी करना चाहती थी, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। संगीता ने 29 जून को कटनी के झिंझरी में रघुवंश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बड़े बेटे निखिल का एडमिशन करवाया।

# राधिका और अनंत की शादी में पहुंचे बाबा महाकाल मंदिर के पुजारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** 12 जुलाई 2024 को अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी होनी है। राधिका मर्चेंट और अनंत अंबानी की शादी से पहले मुंबई में विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसमें दुनिया भर की हस्तियां शिरकत कर रही हैं। अनंत अंबानी की शादी का निमंत्रण बाबा महाकाल के पुजारियों के पास भी पहुंचा है, जिन्हें अनंत अंबानी की शादी में बुलाया गया था। जो कि इस विवाह समारोह में पहुंच चुके हैं और उन्होंने नवयुगल को आशीर्वाद भी प्रदान किया है। श्री महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी पंडित आशीष गुरु व पंडित संजय गुरु व पंडित पर्व पुजारी ने बताया कि प्रसिद्ध उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में शामिल होने के लिए हम बुधवार को मुंबई पहुंचे थे। जहां हमने शादी समारोह के पहले आयोजित कार्यक्रम में नवयुगल दंपती से शिव शक्ति का पूजन अर्चन करवाया। इसके



साथ ही हमने मुकेश अंबानी, नीता अंबानी, राधिका मर्चेंट और अनंत अंबानी के गले में महाकाल का दुपट्टा डालकर आशीर्वाद प्रदान किया, जिसके बाद चांदी के बेलपत्र, रुद्राक्ष की माला भस्मी और बाबा महाकाल की प्रसाद भी सभी को भेंट की है। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट 12 जुलाई को शादी रचाने वाले हैं। अंबानी परिवार में शादी से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पिछले साल दोनों की सगाई के बाद दो प्री-वेडिंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ और बीते कल हल्दी सेरेमनी हुई, जिसमें कई हस्तियां दिखाई दीं।

# संपादकीय

## अब स्वतंत्र ताकत है भारत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस रूस यात्रा को लेकर पश्चिमी देशों ने विरोध जताया है। लेकिन प्रधानमंत्री ने यह स्पष्ट किया कि भारत के लिए रूस की मैत्री बहुत महत्वपूर्ण है। भारत अपने मैत्री-मूल्यों को किसी भी दबाव में कमतर नहीं होने देगा। भले ही यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की इस यात्रा पर अपनी निराशा जाहिर करते हुए इसे शांति प्रयासों को झटका तक बता चुके हो या अमेरिका ने भी यात्रा को लेकर अपनी चिंता जता दी हो। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी अपनी युद्ध विरोधी सोच के चलते ही यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से रूस नहीं गए थे। दोनों देशों के बीच होने वाली सालाना द्विपक्षीय शिखर बैठक भी 2022 के बाद से नहीं हो पाई थी। इससे रूस के कुछ हलकों में यह धारणा बनने लगी थी कि भारत अमेरिका और पश्चिमी देशों के प्रभाव में रूस से दूरी बनाए रखना चाहता है। दुनिया में बन रही इस नई धारणा को तोड़ना जरूरी था, इसी दृष्टि से इस यात्रा के पीछे जहां द्विपक्षीय रिश्तों को संदेहों और अविश्वासों से मुक्त करने का ध्येय था, वहीं अंतरराष्ट्रीय हलकों में यह स्पष्ट संदेश भेजना था कि भारत को किसी तरह के दबाव के जरिए इस या उस पक्ष में झुकाना संभव नहीं है। खुद प्रधानमंत्री मोदी ने भी राष्ट्रपति पुतिन के साथ बातचीत में इसका जिक्र किया कि उनके रूस आने पर पूरी दुनिया की निगाहें टिकी हैं। दुनिया भर में इस यात्रा को गहरी उत्सुकता से देखा जा रहा है। मौजूदा अंतरराष्ट्रीय हालात को ध्यान में रखें तो यह कोई अचरज वाली बात भी नहीं है। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से ही अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों का जोर इस बात पर रहा है कि भारत रूस से अपनी करीबी खत्म करे। भारत अब एक स्वतंत्र ताकत है, दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, बड़े शक्तिशाली देशों के लिये भी भारत एक बाजार है। इसलिये भारत किसी भी दबाव में न आते हुए शुरू से ही यह स्पष्ट कर रखा है कि वह अपने राष्ट्रहित पर आधारित स्वतंत्र विदेश नीति पर कायम रहेगा। रूस समर्थकों ने भले ही यह दर्शाना चाहा हो कि मोदी की यात्रा से भारत ने पश्चिम को चुनौती दी है और इससे पश्चिमी देश 'ईर्ष्या से जल रहे हैं', परंतु असल में भारत ऐसा कोई मंतव्य नहीं रखता है। यह यात्रा अनेक कारणों एवं दृष्टिकोणों से महत्वपूर्ण रही, यात्रा के दौरान दोनों देशों में सहयोग बढ़ाने के समझौते तो हुए ही, प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मित्र राष्ट्र को मैत्रीपूर्ण सलाह देते हुए पूरी बेबाकी से कहा, 'युद्ध के मैदान से कोई हल नहीं निकलता।' यह प्रधानमंत्री मोदी का वैसा ही बयान है जैसा दो साल पहले समरकंद में पुतिन से बातचीत के दौरान उन्होंने दिया था कि 'यह युद्ध का दौर नहीं है'। असल में भारत हमेशा से शांति के उजालों एवं युद्ध के अंधेरों से मुक्ति का ही समर्थक रहा है। भारत की स्पष्ट मान्यता है कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। भारत ने बम-बंदूक के बजाय शांति-वार्ता के जरिये समाधान की बात दोहराई। मोदी ने साहस एवं निर्भयता से पुतिन को दो टूक कहा था कि यह युग युद्ध का नहीं। चूंकि भारतीय प्रधानमंत्री की मास्को यात्रा के मौके पर ही रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव में बच्चों के अस्पताल को भी निशाना बनाया, इसलिए उन्होंने बिना किसी संकोच यह भी कह दिया कि युद्ध या संघर्ष अथवा आतंकी हमलों में जब मासूम बच्चों की मौत होती है तो हृदय छलनी हो जाता है। देखना यह है कि यूक्रेन युद्ध पर भारतीय प्रधानमंत्री की फिर से खरी बात पर रूसी राष्ट्रपति कितना ध्यान देते हैं, लेकिन भारत को रूस के साथ अपनी मित्रता जारी रखते हुए यह स्पष्ट करते रहना होगा कि वह रूस-यूक्रेन युद्ध को यथाशीघ्र समाप्त होते हुए देखना चाहता है। यह केवल भारत ही नहीं, बल्कि विश्व शांति के भी हित में है। इसी के साथ भारत ने अपने मित्र देश को अपनी तकलीफ को साझा करते हुए यह एहसास दिलाने की भी कोशिश की गई कि चीन के साथ उसकी नजदीकी परोक्ष रूप से पाकिस्तान को उत्साहित करती है, जो भारतीय जमीन पर आतंकी गतिविधियों को खाद-पानी मुहैया कराने का काम करता है। रूस भारत के सहयोग के लिये तत्पर रहता है, इसबार भी यह खबर भी सुकून देने वाली है कि रूस ने भारत के आग्रह पर न केवल रूसी सेना के सपोर्ट स्टाफ के रूप में भारतीयों की नियुक्ति रोकना स्वीकार कर लिया है बल्कि नियुक्त किए जा चुके युवाओं को स्वदेश भेजने पर भी मान गया है।

### अर्ज़ किया है..!

*यही सहबा यही साग़र*
*यही पैमाना है*
*चश्म-ए-साक़ी है कि*
*मय-ख़ाने का मय-ख़ाना है*

-साग़र निज़ामी




## महिला जगत

# क्यों चर्चा में आईं थीं मलाला यूसुफजई?

## जानिए उनके जीवन से जुड़ी रोचक बातें

मलाला युसुफ़ज़ई एक पाकिस्तानी शिक्षा कार्यकर्ता हैं, जो लड़कियों की शिक्षा के अधिकारों के लिए अपने संघर्ष के लिए प्रसिद्ध हैं। वह सबसे कम उम्र में नोबेल शांति पुरस्कार प्राप्त करने वाली महिला हैं। मलाला का जन्म 12 जुलाई 1997 को पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के स्वात घाटी में हुआ। उनके पिता जियाउद्दीन युसुफ़ज़ई एक शिक्षक और स्कूल के मालिक हैं, जिन्होंने मलाला को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया और प्रोत्साहित किया।



### शिक्षा के लिए अभियान

मलाला ने केवल 11 वर्ष की उम्र में बीबीसी उर्दू के लिए एक ब्लॉग लिखना शुरू किया, जिसमें उन्होंने तालिबान के शासन के दौरान लड़कियों की शिक्षा पर प्रतिबंध और स्वात घाटी में हो रहे अत्याचारों के बारे में लिखा। वह खुलेआम तालिबान के खिलाफ शिक्षा के अधिकार की वकालत करने लगीं, जिससे उनकी पहचान एक साहसी युवा कार्यकर्ता के रूप में बनी।

### हमला और बचाव

9 अक्टूबर 2012 को जब मलाला स्कूल से घर लौट रही थीं, तब तालिबान के आतंकवादियों ने उनके सिर में गोली मार दी। यह हमला उनके शिक्षा अभियान को रोकने के उद्देश्य से किया गया था। गंभीर रूप से घायल मलाला को बेहतर इलाज के लिए इंग्लैंड भेजा गया, जहाँ उन्होंने बर्मिंघम में इलाज प्राप्त किया और धीरे-धीरे ठीक हो गईं।

### नोबेल शांति पुरस्कार

मलाला को 2014 में, 17 वर्ष की उम्र में, नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वह यह पुरस्कार प्राप्त करने वाली सबसे कम उम्र की व्यक्ति हैं। उन्हें यह पुरस्कार भारतीय बाल अधिकार कार्यकर्ता कैलाश सत्यार्थी के साथ संयुक्त रूप से मिला।

### मलाला फंड

मलाला ने अपने पिता के साथ मिलकर 'मलाला फंड' की स्थापना की, जिसका उद्देश्य लड़कियों की शिक्षा के लिए धन जुटाना और उन्हें समर्थन देना है। मलाला फंड विश्व भर में लड़कियों की शिक्षा के लिए काम कर रहा है और कई परियोजनाओं के माध्यम से शिक्षा के अधिकारों की वकालत कर रहा है।

### अंतरराष्ट्रीय पहचान और प्रभाव

मलाला ने दुनिया भर में शिक्षा के अधिकारों की वकालत करते हुए कई प्रमुख मंचों पर भाषण दिए हैं, जिसमें संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में दिए गए उनके भाषण को विशेष मान्यता मिली है। उनकी आत्मकथा, 'I Am Malala' (मैं मलाला हूं), विश्व भर में बेस्टसेलर बन गई और उनके संघर्ष और साहस की कहानी को लोगों तक पहुंचाया।

### ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय

मलाला ने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के लेडी मार्गरेट हॉल से दर्शनशास्त्र, राजनीति और अर्थशास्त्र में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। शिक्षा के प्रति उनका जुनून उनकी व्यक्तिगत और शैक्षिक उपलब्धियों में भी झलकता है।

New Delhi

# अरविंद केजरीवाल को ED केस में SC से अंतरिम जमानत, लेकिन नहीं हो सकेंगे रिहा, मामला बड़ी बेंच को गया

**नई दिल्ली, (एजेंसी) दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शराब घोटाले मामले में सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिल गई है. लेकिन ईडी की ओर से उनकी गिरफ्तारी के मामले को सुप्रीम कोर्ट की बड़ी बेंच को सौंप दिया गया है.**

सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका के मामले को बड़ी बेंच के पास भेजा है. अब सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई करेगी. इस मामले में चीफ जस्टिस तीन जज नियुक्त करेंगे. बड़ी बेंच के पास मामले की सुनवाई तक केजरीवाल को अंतरिम जमानत दी गई है.



लेकिन केजरीवाल फिलहाल जेल से बाहर नहीं आ पाएंगे. वह फिलहाल सीबीआई की कस्टडी में हैं लेकिन उन्हें जमानत ईडी केस में मिली है. ऐसे में अभी वह जेल में ही रहेंगे.

केजरीवाल के वकील विवेक जैन ने बताया कि सीबीआई मामले में 18 जुलाई को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई है. इस मामले में फैसला आने के बाद ही पता चल सकेगा कि क्या केजरीवाल बाहर आएंगे या नहीं? हालांकि, केजरीवाल के जेल से बाहर आने की संभावनाएं प्रबल हैं.

केजरीवाल को अंतरिम जमानत देते हुए कोर्ट ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री 90 दिनों तक जेल में रहे हैं.

Chhattisgarh

## जगदलपुर डबल मर्डर मामला, घर में घुसकर मां-बेटे की हत्या, 1 घायल

**रायपुर, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के जगदलपुर से दिल दहला देने वाला मामला सामने है। शहर में अज्ञात लोगों ने घर में घुसकर मां बेटे की हत्या कर दी है। मर्डर को वारदात को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गए। बता दें कि एक परिवार में मां और दो बेटे रहते थे, हत्या करने के नियत से आरोपियों ने बड़े जालसाज से घर के पीछे दरवाजे से घुस गए। इसके बाद तीनों पर हमला कर दिया। मां और बेटे की मौके पर मौत हो गई। वहीं एक बेटा घायल है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पूरा मामला जगदलपुर के सबसे व्यस्तम मार्ग अनुपमा चौक का है। अनुपमा चौक निवासी गायत्री गुप्ता 50 वर्षीय अपने बेटे नीलेश गुप्ता 32 वर्ष और नितेश गुप्ता 29 वर्ष के साथ रहती थी। बीती रात अचानक से अज्ञात लोगों ने गुप्ता परिवार के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में 2 लोगों की मौत हो गई है। पड़ोसियों की मदद से घायल को इलाज के लिए मेकाज में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी इलाज जारी है।

दरअसल, अनुपमा चौक निवासी गायत्री गुप्ता और उसके बेटे तीनों रात में घर में सो रहे थे। इस दौरान हत्या करने के नियत से अज्ञात लोगों ने घर में घुस गया। आरोपियों ने बड़े ही जालसाज के साथ वारदात को अंजाम दिया है। घर के पीछे के दरवाजे से आरोपियों ने घर में घुसा, इसके बाद सो रहे मां बेटे के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान मां और बेटे की मौके पर मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल है।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेजा गया। साथ ही पड़ोसियों से साक्ष्य जुटाने की कोशिश की जा रही है। मामले में पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने बताया कि घटना कि जानकारी मिलते ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग के अलावा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई।

Uttarpradesh

## दहेज के बेड पर सोया फिर नहीं उठा दूल्हा, शादी के 12 घंटे में विधवा हो गई दुल्हन

**मैनपुरी, (एजेंसी)** यूपी में मैनपुरी के किशनी थाना क्षेत्र के ग्राम चांदा हवेलिया में 12 घंटे पहले दुल्हन को लेकर आए दूल्हे की असमय मौत हो गई। गुरुवार को वह दहेज में मिले बेड पर सो गया। परिजनों को वह बेहोशी की हालत में मिला तो परिवार के लोग उसे निजी अस्पताल ले गए। जहां से उसे सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जहां उसकी मौत हो गई। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है। ग्राम चांदा हवेलिया निवासी सत्यराम यादव के इकलौते पुत्र सोनू की शादी 9 जुलाई को हुई थी। बारात औरैया के ग्राम सुल्तानपुर गई थी। 10 जुलाई को बारात और दुल्हन अलका पुत्री अरविंद यादव को लेकर सोनू अपने घर आ गया। गुरुवार को दोपहर एक बजे वह शादी में मिले बेड पर जाकर सो गया। काफी देर तक वह सोकर नहीं उठा तो घर वालों ने उसे जगाया। लेकिन वह बेहोश मिला। परिजन उसे किशनी की एक निजी अस्पताल लेकर आए। जहां से उसे सैफई रेफर कर दिया गया। जहां उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है।

Uttarpradesh

## एक्शन मोड में सीएम योगी... सहारनपुर में तहसील और आरटीओ दफ्तर में छापा, 19 दलालों-बिचौलियों को भेजा गया जेल

**लखनऊ/सहारनपुर, (एजेंसी)** भ्रष्टाचार के खिलाफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक्शन मोड में आ चुके हैं. दो दिन में फिरोजाबाद और बांदा में 2 एसडीएम और तहसीलदार सहित 6 पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों का निलंबन कर जांच शुरू कर दी गई है. इसी के साथ मुख्यमंत्री ने अब सरकारी कार्यालयों में औचक निरीक्षण शुरू कर दिया है.

गुरुवार को मुख्यमंत्री की सीधी निगरानी में सहारनपुर में तहसीलों और आरटीओ दफ्तर में औचक निरीक्षण किया गया, जहां 19 दलाल, बिचौलिये मिले. इन सभी के खिलाफ कार्रवाई की गई है. इसके बाद जिले में हड़कंप मच गया.

लोकसभा चुनाव के बाद जोन, मंडल, रेंज व



जिला सहित फील्ड में तैनात अधिकारियों के साथ हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री ने 'जनहित सर्वोपरि' होने की बात कही थी. अधिकारियों को हर दिन तय समय पर दो घंटे जनसुनवाई करने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार मुक्त कार्य संस्कृति की बात पर जोर दिया था.

खेल

# बीसीसीआई ने ठुकराई गौतम गंभीर की ये मांग, सहायक स्टाफ को लेकर माथापच्ची जारी

**नई दिल्ली, (एजेंसी) भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल ही में पूर्व भारतीय बल्लेबाज गौतम गंभीर को टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया था। गंभीर के पदभार संभालने से पहले ही बोर्ड ने उन्हें झटका दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, गंभीर ने फील्डिंग कोच के लिए जोंटी रोड्स का नाम प्रस्तावित किया था जिसे बोर्ड ने स्वीकार नहीं किया है। रोड्स दुनिया के बेहतरीन फील्डर माने जाते हैं, लेकिन बीसीसीआई का मानना है कि सहायक स्टाफ भारतीय ही होना चाहिए।**



रोड्स और गंभीर इससे पहले आईपीएल फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपरजाएंट्स के साथ काम कर चुके हैं। गंभीर इस टीम के मेंटर रह चुके हैं। हालांकि, बीसीसीआई सहायक स्टाफ किसी भारतीय को ही रखना चाहता है। यह परंपरा पिछले सात साल से जारी है और फिलहाल बोर्ड इसमें कोई बदलाव नहीं चाहता है। हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई सहायक स्टाफ के लिए किसी विदेशी को नहीं लेने की नीति पर ही चलना चाहता है। राहुल द्रविड़ का कार्यकाल खत्म होने के साथ ही सहायक स्टाफ की सेवाएं भी समाप्त हो गई हैं। इनमे बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़, गेंदबाजी कोच पारस म्हांब्रे और फील्डिंग कोच टी. दिलीप शामिल हैं। इन सभी का कार्यकाल टी20 विश्व कप फाइनल के बाद खत्म हो गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, जोंटी रोड्स की तरह ही गंभीर ने गेंदबाजी कोच के लिए विनय कुमार के नाम की सिफारिश की थी, लेकिन बीसीसीआई ने इसका समर्थन नहीं किया। इस बीच, यह भी खबर आई थी कि गंभीर नीदरलैंड के पूर्व खिलाड़ी रियान टेन डसकाटे को सहायक स्टाफ में शामिल करना चाहते थे। डसकाटे कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के फील्डिंग कोच रह चुके हैं और कई अन्य लीग का भी हिस्सा रहे हैं।

गंभीर के प्रस्ताव ठुकराए जाने की खबरों के बीच क्रिकेट समुदाय में इस बात को लेकर दिलचस्पी बढ़ गई है कि सहायक स्टाफ को लेकर बीसीसीआई क्या अंतिम फैसला लेगा। इस दौड़ में कई पूर्व खिलाड़ी शामिल हैं, लेकिन अब तक आधिकारिक रूप से कोई भी नाम सामने नहीं आया है। मालूम हो कि गंभीर इस महीने के अंत में श्रीलंका के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की सीरीज से टीम इंडिया से जुड़ेंगे।

सिनेमा

## शॉकिंग! अक्षय की फ्लॉप फिल्मों से भी ठंडी 'सरफिरा' की बुकिंग... जनता की तारीफ भरोसे 'खिलाड़ी' कुमार का खेल




बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार की नई फिल्म 'सरफिरा' शुक्रवार को थिएटर्स में रिलीज हो रही है. और नई रिलीज के साथ अक्षय, उनके फैन्स और 'सरफिरा' के मेकर्स का दिल बहुत तेज धड़क रहा होगा. वजह है, पिछले 3 साल में अक्षय का रिकॉर्ड. 'सरफिरा' के ट्रेलर को रिस्पॉन्स तो बहुत सॉलिड मिला और ये इस साल यूट्यूब पर, साल का सबसे ज्यादा देखा गया ट्रेलर बन गया. फिल्म के गाने भी अच्छे चल रहे हैं और खासकर 'खुदाया' को काफी पसंद किया जा रहा है.

लेकिन जमीन पर अभी दर्शकों को इस फिल्म में कुछ खास दिलचस्पी नजर नहीं आ रही. 'सरफिरा' की एडवांस बुकिंग हाल ही में शुरू हुई थी, और बुकिंग से मिल रहा रिस्पॉन्स अक्षय और फिल्म के मेकर्स के लिए कोई गुड न्यूज लाता नहीं नजर आ रहा.

ट्रेड रिपोर्ट्स की मानें तो, गुरुवार शाम तक नेशनल चेन्स में 'सरफिरा' के करीब 4000 टिकट ही एडवांस में बुक हुए थे. फिल्म के लिए नेशनल चेन्स में एडवांस बुकिंग का आंकड़ा, 6000-7000 तक होने का अनुमान है.

## Highlights

1. **Indigo issues advisory as orange alert issued in Mumbai amid rains**
2. **No need for Aadhaar to meet me: Vikramaditya on Kangana's remark**
3. **Assets worth ₹45 cr, casino coins seized in raids on 11 K'taka govt officers**
4. **2 soldiers die during repair of military equipment in Ladakh**
5. **Need to know we are trusted friends: US envoy post Modi-Putin meet**
6. **Maha parties move MLAs to hotels fearing cross-voting in MLC polls**

# Raghuram Rajan's advice for Nirmala Sitharaman's Budget: 'More jobs needed'

**NEW DEIHI, (Agency).** Former Reserve Bank of India (RBI) Governor Raghuram Rajan said that India needs to prioritize its services sector over expanding manufacturing for sustainable economic growth as well as job creation.

Speaking at the Annual World Bank Conference, he said that manufacturing is not the "holy grail" for India's economic success as the sector faces challenges like limited export absorption and competition from countries like China, Vietnam, Indonesia, and Mexico. He said, "Both politically and economically, the manufacturing ladder is harder to climb."

Your wishes helped India win- Relive India's epic journey in the T20 World Cup. Click here!



Talking about the services embedded in manufacturing and how they can add more value compared to traditional manufacturing, Raghuram Rajan said, "The significant value added is in the intellectual property within services, not in the actual manufacturing. We need to view services as the potential leading edge of the economy."

Stressing on the need for India to improve education and healthcare services, he said that fostering innovation and creativity is important for capturing high value-added opportunities.

Job creation should be India's priority which does not only mean high-end positions. He said, "The need of the hour is more jobs" as new jobs and future employment opportunities should be of concern.

Raghuram Rajan also emphasized on the need of creating jobs that match existing skills while also investing in training programs for future prospects.

# Adani Ports to raise investment to $1.2 billion for new transshipment terminal: Report

**NEW DEIHI, (Agency).**Adani Ports and Special Economic Zone Ltd. plans to ramp up its investment to 100 billion rupees ($1.2 billion) to boost its southern India transshipment container port, according to people with knowledge of the matter, as it looks to lure some of the world's largest ships.



The investment in the first-of-its-kind Vizhinjam port in the state of Kerala is part of the second phase of the project that is expected to finish by 2028, said people familiar with the Adani Group's plans who did not want to be identified as the details are not announced.

It is also wooing the biggest container lines such as MSC Mediterranean Shipping Co., A.P. Moller - Maersk A/S, and Hapag-Lloyd to call in at the port, they added.

The port, which is located near the southernmost tip of India, close to the international shipping routes and has deepest shipping channels, is set to receive the first container vessel from Maersk on July 12 as part of a trial run in the 800-meter container berth.

# पुरानी फ्रेंड से बात करने पर टोका तो मार डाला

## फ्रेंड सर्कल में दरार का खौफनाक नतीजा, लव ट्रायंगल ने ले ली जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर के शिप्रा थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। बीते अप्रैल महीने से लापता कॉलेज छात्रा सैयद सहारा (19) की हत्या कर दी गई है। इस अपराध के आरोप में पुलिस ने सैयद सहारा के ही कॉलेज के एक सीनियर छात्र गौरव सुभाष सरकार (23) और दूसरे कॉलेज की छात्रा स्निग्धा सुनील मिश्रा (18) को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को गुरुवार को कोर्ट में पेश किया जा सकता है।**

पुलिस सूत्रों के अनुसार, शुरुआती पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया है कि फ्रेंड सर्कल में हुए विवाद के कारण उन्होंने सैयद सहारा की हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि सैयद सहारा ने गौरव को स्निग्धा से बात करते हुए देखकर एतराज हुआ था। माना जा रहा है कि यहीं से विवाद की शुरुआत हुई थी। सैयद सहारा के पिता ने अप्रैल में ही उसकी गुमशुदगी की शिकायत शिप्रा थाने में दर्ज कराई थी। मगर, लंबे समय तक बेटी का कोई पता न चलने पर उन्होंने हाईकोर्ट का रुख किया। हाईकोर्ट में



दायर याचिका के बाद हरकत में आई पुलिस ने संदिग्ध के रूप में गौरव और स्निग्धा को हिरासत में लिया। पूछताछ में दोनों टूट गए और उन्होंने अपना गुनाह कबूल कर लिया। बहरहाल, पुलिस को अभी भी कई सवालों के जवाब तलाशने हैं। माना जा रहा है कि अप्रैल 2024 में किसी बहाने से आरोपियों ने सैयद सहारा को बुलाया था। इसके बाद उसे कार में आर्मी एरिया किशनगंज की तरफ ले गए। वहीं पर उसकी गला घोंटकर और चाकू मारकर हत्या कर दी गई। शव को ठिकाने लगाने के लिए आरोपियों ने महू के पास जंगल का सहारा लिया। हत्या के करीब दो महीने बाद पुलिस को अहम सुराग मिला। 10 जुलाई को पुलिस दोनों आरोपियों को लेकर हरसोला फाटा के जंगल इलाके में पहुंची। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने उस स्थान की छानबीन की जहां उन्होंने शव फेंका था। करीब 18 घंटे तक चले सर्च ऑपरेशन के बाद पुलिस को मानव हड्डियां, बाल और एक ब्रेसलेट बरामद हुआ। हालांकि, अभी डीएनए जांच के बाद ही इस बात की पुष्टि हो पाएगी कि ये अवशेष सैयद सहारा के ही हैं।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक